डॉ. के. वी. राजू, आर्थिक सलाहकार, माननीय मुख्यमंत्री जी, उत्तर प्रदेश (सचिव भारत सरकार स्तर) का दिनांक 30 अक्टूबर 2020 को चौक फार्म, महराजगंज की समीक्षा बैठक कार्यक्रम की कार्यवाही

दिनांक 30 अक्टूबर 2020 को चौक फार्म, महराजगंज पर डॉ के. वी. राजू, आर्थिक सलाहकार माननीय मुख्यमन्त्री, उत्तर प्रदेश सरकार एवं प्रो. राजेश सिंह, कुलपति, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में डॉ. प्रदीप कुमार राव, प्राचार्य, महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, प्राचार्य, महंत अवेद्यनाथ महाविद्यालय, चौक बाजार, महराजगंज एवं प्रधानाचार्य, महन्त दिग्विजयनाथ इंटर कालेज, चौक बाजार सम्मिलित हुए। बैठक में डॉ. संदीप कुमार सिंह द्वारा चौक फार्म, महराजगंज का प्रगति प्रतिवेदन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया इसके उपरान्त फार्म का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण उपरान्त केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा 251 एकड़ हेतु कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण दिया गया। प्रस्तुति उपरान्त डॉ. के.वी. राजू एवं अन्य सदस्यों द्वारा निम्नलिखित सुझाव दिये गये –

सुझाव

डॉ. के.वी. राजू

1. महराजगंज फार्म का सर्वे कर मृदा की विशेषताओं के अनुसार मानचित्र बनाकर वहाँ पानी का दाब, ऊँची व निचली जमीन, ट्यूबवेल तथा अन्य किसानों को दी भूमि व बगीचा को इंगीत करने को कहा गया। साथ – साथ फार्म की मृदा व पानी की जाँच को भी कहा गया।
2. फसल चक्र व फसल पद्धति को भी इंगित किया जाय।
3. भूमि उपयोग की पद्धति, गोदाम, पशु के लिए जगह, श्रमिकों का कमरा इत्यादि तथा प्रति एकड़ मजदूरों की संख्या को इंगित करने को कहा गया।
4. 20% क्षेत्रफल में मत्स्य पालन, 10% क्षेत्रफल में गन्ना उत्पादन, 35% क्षेत्रफल में कालानमक की खेती (50% HYV एवं 50% कालानमक) एवं 35% क्षेत्रफल में उद्यान द्वारा सब्जी, सहफसली खेती (केला एवं हल्दी का) किया जाय
5. महराजगंज के फार्म का तीन वर्ष का लागत एवं लाभ का कार्य योजना बना कर दिनांक 07/11/2020 तक माननीय कुलपति दी.द.उ.गो.वि.वि. गोरखपुर के समक्ष प्रस्तुत किया जाय।